प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

विश्व खाद्य भारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश के खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 प्रदर्शनी के अवसर पर एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में एक जीवंत व विविध खाद्य संस्कृति है और किसान देश के खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं। सरकार किसानों की मदद के लिए नई नीतियां लेकर आ रही है। कृषि क्षेत्र के लिए आधुनिक पद्धतियों, सशक्त प्रशासनिक तंत्र और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के महत्व पर बल देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में व्यापक सुधार शुरू किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार छोटे उद्यमों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि वे वैश्विक मूल्य श्रृंखला का अभिन्न अंग बन सकें। उन्होंने कहा कि सरकार देश में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे और श्रृंखलाओं का एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बना रही है। प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड फूड इंडिया–2024 में कई देशों की भागीदारी पर कहा कि यह दुनिया के साथ काम करने का एक आदर्श मंच है।

विमोचन

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में सूचना व जनसंपर्क, उत्तर–पूर्व परिषद के निदेशक अजय पराशर द्वारा लिखित दो पुस्तकों जालंधर पीठ का रहस्य और मुश्तरका खाता का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने लेखक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ये पुस्तकें प्रदेश की विभिन्न पीठों के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व और स्थानीय संस्कृति व इतिहास की समझ बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होंगी।

चंद्रकुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्रकुमार ने कहा है कि कांगड़ा जिले में ज्वाली शहर में करीब 16 करोड़ रूपए की लागत से शहरी जलापूर्ति योजना के तहत चार ट्यूबवैल, 6 जल भण्डारण टैंक और घरों तक वितरण लाइन बिछाने के साथ नल लगाए जा रहे हैं। ज्वाली के शहरी क्षेत्र में आज तीन शीतल पेयजल आउटलेट के उद्‌घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि शहरी जलापूर्ति योजना के तहत घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। चंद्रकुमार ने कहा कि ज्वाली नगर को साफ–सुथरा रखने के लिए मल निकासी परियोजना पर करीब 20 करोड़ रूपए की राशि खर्च की जाएगी। इसके अलावा नगरोटा सूरियां में 37 करोड़, जबकि कोटला कस्बे में 24 करोड़ रूपए की लागत से मल निकासी परियोजना बनाई जाएगी।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित बनाने के लिए राज्य सरकार अनेक नई योजनाएं शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को घरद्वार के समीप गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है और शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। रोहित ठाकुर ने कल शाम अर्की उपमंडल के ऐतिहासिक राज्यस्तरीय सायर उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि मेले व त्यौहार हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति के परिचायक हैं और इन्हें संजोए रखना हम सभी का दायित्व है। इस दौरान रोहित ठाकुर ने राज्यस्तरीय सायर उत्सव की समारिका का विमोचन भी किया।

रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा मीडिया विभाग के प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति बिगड़ने के लिए वर्तमान कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार व फिजूलखर्ची को जिम्मेदार ठहराया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी कमियों पर पर्दा डालने के लिए केंद्र पर दोष मढ़ रही है। रणधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री केंद्र सरकार पर भेदभाव का आरोप लगा रहे हैं जो पूरी तरह निराधार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर जन आंदोलन चल रहे हैं, लेकिन सरकार इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर गंभीर नहीं है। रणधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्र एक चुनाव का स्वागत करती है और इस पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए।

बुटेल

पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं पर लगभग 6 सौ करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जायेगी। मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने पालमपुर स्थित 11 लाख रुपए की लागत से नगर निगम पुस्तकालय के नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पालमपुर नगर निगम में शामिल पंचायतों आईमा, लोहना, बन्दला, घुग्घर, विन्द्रावन, चौकी और खलेट के लिये एक सौ 35 करोड़ की लागत से मल निकासी व पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी और यह कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

———